तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
23.12.25		

न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर

अपील संख्या– 06/2025 रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र

(GCMS No. 2025/230)

अनवान:

1. नेकीराम पुत्र श्री सुरजभान जाति कुम्हार निवासी दमकला तहसील तौशाम जिला भिवानी हरियाणा।

बनाम

1. ओमप्रकाश पुत्र बनवारी लाल जाति बिश्नोई।
2. गोपाल पुत्र बनवारी लाल जाति बिश्नोई निवासीगण 1 NWM तहसील अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर राज.।
3. राजस्थान राज्य।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ। अभिभाषक प्रार्थी अनुपस्थित। अभिभाषक प्रार्थी एवं प्रार्थी को बार–बार आवाज लगाई गई, बार–बार आवाज लगाए जाने के बावजूद न तो अभिभाषक प्रार्थी उपस्थित हुए एवं न ही प्रार्थी स्वयं उपस्थित हुए। प्रार्थी द्वारा जरिये अभिभाषक न्याय की वांछा लेकर इस न्यायालय में यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, लेकिन अभिभाषक प्रार्थी को लगातार पाबन्द करने के बांवजूद भी आदिनांक उपस्थित नही हुए। न्याय चाहने की तत्परता व कोशिश का अभाव प्रार्थना पत्र चलाने में अरुचि जाहिर करता है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 63(1) के तहत अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। अधीनस्थ न्यायालय को आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित होकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावे। आदेश सुनाया गया।

(विश्राम मीना)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर